सिर्फ सोशल मीडिया पर उपलब्ध | डिजिटल संस्करण

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

खबरों की दुनिया | दैनिक ई-पेपर डिजिटल विशेषांक | शामगढ़ | 20 अगस्त 2026

### 20 हजार से अधिक आबादी वाली नगर परिषदों की श्रेणी में शामगढ़ नंबर-1

# कविता नरेंद्र यादव की अगुवाई में शामगढ़ नगर परिषद का प्रदेश में डंका, राजस्व वसूली में हासिल किया पहला स्थान

**154.87 लाख रु. के लक्ष्य के मुकाबले 411.47 लाख रु. की ऐतिहासिक वसूली; लक्ष्य का 265.69% हासिल किया!**

शामगढ़ (मंदसौर)

विशेष रिपोर्ट: यशस्वी दुनिया ब्यूरो



नगर परिषद अध्यक्ष: कविता नरेंद्र यादव




कार्यालय नगर परिषद, शामगढ़ (मंदसौर)

**शा**मगढ़। नगर परिषद शामगढ़ ने राजस्व वसूली के क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर नगर का नाम पूरे मध्य प्रदेश में रोशन किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 20 हजार से अधिक आबादी वाली नगर परिषदों की श्रेणी में शामगढ़ ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के पीछे नगर परिषद अध्यक्ष **कविता नरेंद्र यादव की अगुवाई** और परिषद के अधिकारियों-कर्मचारियों की सक्रियता एवं लगातार मेहनत को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

शासन की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार नगर परिषद शामगढ़ को वित्तीय वर्ष 2024-25 में **154.87 लाख रुपए** राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया था। परिषद की समर्पित टीम ने लक्ष्य को काफी पीछे छोड़ते हुए **411.47 लाख रुपए** की रिकॉर्ड राजस्व वसूली की। यह निर्धारित लक्ष्य का **265.69 प्रतिशत** है। परिषद ने लक्ष्य से **256.60 लाख रुपए अधिक** राजस्व जुटाकर पूरे प्रदेश की 20 हजार से अधिक आबादी वाली नगर परिषदों में पहला स्थान हासिल कर मिसाल कायम की है।

> 🏆 **1 करोड़ रुपए के सम्मान की प्रबल संभावना**
>
> **प्रदेश में राजस्व वसूली में प्रथम रहने पर शामगढ़ नगर परिषद को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 1 करोड़ रुपए की राशि से सम्मानित किए जाने की संभावना है!**

शामगढ़ नगर परिषद की इस बड़ी सफलता में अध्यक्ष **कविता नरेंद्र यादव** का कुशल नेतृत्व और कर्मचारियों की समर्पित भूमिका प्रमुख रही। राजस्व संग्रह के

अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव ने इस शानदार उपलब्धि पर समस्त नगरवासियों का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश में पहला स्थान मिलना पूरे शामगढ़ के लिए गौरव की बात है। यह सफलता नगरवासियों के सहयोग, विश्वास और नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि परिषद की टीम केवल राजस्व वसूली तक सीमित नहीं है, बल्कि नगर की **सफाई, स्वच्छता, सुंदरिकरण और चौमुखी विकास कार्यों** में भी लगातार सक्रियता के साथ काम कर रही है। परिषद का प्रयास है कि शामगढ़ को विकास और स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश में एक आदर्श पहचान मिले।

कर्मचारियों की मेहनत ने नगर परिषद की तस्वीर बदल दी। लक्ष्य पार करना आसान नहीं था, लेकिन अध्यक्ष के मार्गदर्शन में स्टाफ ने डोर-टू-डोर समन्वय और त्वरित वसूली पर ध्यान दिया।

नगर परिषद की इस गौरवशाली उपलब्धि से अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव, अधिकारियों व कर्मचारियों में भारी उत्साह है। वहीं नगरवासियों के लिए भी यह क्षण गर्व का विषय बना हुआ है। अब परिषद की टीम विकास व नागरिक सुविधाओं के